टिळक महाराष्ट्र विद्यापीठ, पुणे

एम. ए. हिंदी (भाग-२)

मई - २०११ परीक्षा

विषय : आधुनिक काव्य (H-201)

दिनांक : १८/५/२०११ **कुलअंक : १००** **समय : दो.: २.०० से शाम. ५.००**

सूचनाएँ : १. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं । २. सभी प्रश्नों के लिए समान अंक हैं ।

पाठ्यपुस्तकें-१) कामायनी-जयशंकर प्रसाद
२) संशय की एक रात- नरेश मेहता.
३) ग्राम्या-सुमित्रानंदन पंत
४) दिशांतर-संपा. श्रीवास्तव/तिवारी
५) जहाँ शब्द है। डॉ. प्रभाकर माचवे (काव्य-संकलन)

प्रश्न १. अ) 'कामयानी' महाकाव्य की विशेषताओं को सोदाहरण स्पष्ट कीजिए । (२०)

अथवा

ब) 'संशय की एक रात' खंडकाव्य के पात्रों पर संक्षेप में प्रकाश डालकर लक्ष्मण के चरित्र को रेखांकित कीजिए।

प्रश्न २. अ) 'ग्राम्या' काव्यसंग्रह में चित्रित ग्राम के विभिन्न चित्र एवं प्रसंगों पर प्रकाश डालिए। (२०)

अथवा

ब) ' 'जहाँ शब्द है' काव्य संकलन में डॉ. प्रभाकर माचवे ने समाज के लगभग सभी स्तरों पर प्रकाश डाला है' पठित कविताओं के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न ३.अ) 'दिशांतर' काव्य संग्रह में संकलित अज्ञेय की कविताओं की विशेषताओं पर सोदाहरण प्रकाश डालिए। (२०)

अथवा

ब) 'दिशांतर' काव्य संग्रह में संकलित कविताओं की विशेषताओं को रेखांकित कीजिए।

प्रश्न ४. निम्नलिखित में से किन्हीं दो अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । (२०)

१) भर रहा अंक श्रद्धा का
मानव उसको आपना कर,
था इडा शीश चरणों पर,
वह पुलक भरी गद्‌गद्‌ स्वर ।

२) नहीं है,
किंतु युध्द दायित्व है ।
किसी भी पीढी के लिए दायित्व है
आवेश नहीं ।

३) होंगी क्या गीता जी पढने से
'स्थिर मति' ये
लाखों करोडों अनिकेत इस देश में?

४) यहाँ धरा का मुख कुरुप है
कुत्सित गर्हित जनका जीवन,
सुंदरता का मूल्य वहाँ क्या
जहाँ हृदय है क्षुब्ध नग्न तन?

प्रश्न ५. किन्हीं दो पर टिप्पणियाँ लिखिए। (२०)

१) 'चिंता' सर्ग।
२) 'संशय की एक रात' में आस्थाओं का संघर्ष ।
३) 'नेहरु चाचा' कविता में व्यंग्य ।
४) ग्राम वधू की विशेषताएँ ।